Rapid Fire करेंट अफेयर्स (9 जनवरी)

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-09-01-2019

- सामान्य वर्ग के गरीबों के लिये 10 फीसदी आरक्षण के प्रस्ताव को लागू करने के लिये 124वाँ संविधान संशोधन विधेयक लोकसभा में पारित; निजी क्षेत्र के सरकारी सहायता प्राप्त और गैर-सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थानों में भी मिलेगा यह आरक्षण; अल्पसंख्यक संस्थानों में लागू नहीं होगा आरक्षण
- विपक्ष के विरोध के बावजूद लोकसभा में पारित हुआ नागरिकता संशोधन विधेयक, 2016; इस विधेयक के तहत पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आए हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी व ईसाई शरणार्थियों को 12 साल के बजाय छह साल भारत में गुज़ारने पर मिल जाएगी नागरिकता; 2016 में पहली बार लोकसभा में पेश किया गया था यह संशोधन विधेयक; नागरिकता कानून, 1955 में संशोधन करेगा यह विधेयक
- भारतीय नौसेना अंडमान-निकोबार में जल्द ही शुरू करेगी नया एयरबेस; दिगलीपुर के पास बन रहे इस नौसैनिक बेस का नाम है INS कुहासा; हिंद महासागर में चीन की नौसेना की लगातार बढ़ती गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए भारतीय नौसेना का यह बेस बेहद अहम; INS कुहासा के ऑपरेशनल हो जाने के बाद अंडमान-निकोबार में भारत के चार एयरबेस हो जाएंगे; अभी तक अंडमान-निकोबार की राजधानी पोर्ट ब्लेयर में सबसे बड़ा एयरपोर्ट है; पोर्ट ब्लेयर के दक्षिण में कार निकोबार में वायुसेना का एयरबेस है; इस द्वीप समूह के दक्षिण में कैम्पबेल बे में नौसेना का एयरबेस INS बाज है
- डिजिटल पेमेंट्स को बढ़ावा देने तथा इन्हें और अधिक सुरक्षित बनाने के उपाय सुझाने के लिये रिज़र्व बैंक ने नंदन निलेकणी की अध्यक्षता में गठित किया एक उच्चस्तरीय पैनल; पाँच सदस्यों वाला यह पैनल डिजिटल पेमेंट की सुरक्षा को मज़बूत बनाने के लिये ज़रूरी कदमों के बारे में सलाह देगा; डिजिटल माध्यमों से वित्तीय सेवाओं को हासिल करने में ग्राहकों का विश्वास बढ़ाने के उपाय सुझाना भी इसकी ज़िम्मेदारियों में शामिल; अन्य देशों में मौजूद व्यवस्थाओं का आकलन भी करेगा यह पैनल
- चीफ जस्टिस रंजन गोगोई की अध्यक्षता में अयोध्या मामले के लिये 5 सदस्यों वाली संविधानिक पीठ का गठन; संविधानिक पीठ राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद के मालिकाना हक से जुड़े मामले में 10 जनवरी से करेगी सुनवाई; इलाहाबाद हाई कोर्ट ने अपने फैसले में 2.77 एकड़ विवादास्पद भूमि को तीन पक्षकारों- सुन्नी वक्फ बोर्ड, निर्मोही अखाड़ा और रामलला के बीच बाँटने का दिया था फैसला
- सुप्रीम कोर्ट ने जर्मनी की मल्टीनेशनल कंपनी बेयर कॉरपोरेशन के स्वामित्व वाली कंपनी मोनसेंटो को भारत में बीटी कॉटन बीज के पेटेंट सही मालिक बताया; सुप्रीम कोर्ट ने पलटा दिल्ली उच्च न्यायालय का फैसला; दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा था कि बीज, पौधे व जानवर का पेटेंट नहीं हो सकता; कंपनी को प्रोटेक्शन ऑफ प्लांट वेरायटीज़ एंड फार्मर्स राइट्स एक्ट 2001 के तहत विकसित बीज के विभिन्न संस्करणों को पंजीकृत कराने की दी थी अनुमति
- देशी नस्लों के उत्पादन और उत्पादकता में तेज़ी से वृद्धि करने के लिये भारत एवं ब्राज़ील देंगे तकनीकी सहयोग को बढ़ावा; बफैलो रिसर्च एंड डेवलपमेंट, ब्राज़ील द्वारा विकसित जीनोमिक चिप भारत की स्वदेशी नस्लों के लिये जीनोमिक चयन को लागू करने हेतु हो सकती है उपयोगी; देहरादून के कालसी एवं केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, कृषि विज्ञान केंद्र मोतिहारी में ब्राज़ील के सहयोग से खोले जाएंगे दो पशु प्रजनन उत्कृष्टता केंद्र

- केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री मेनका गांधी ने लॉन्च किया #WebWonderWomen अभियान; सोशल मीडिया को प्रभावित करने वाली महिलाओं के प्रयासों को उजागर करना है इस अभियान का उद्देश्य; महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने ट्विटर इंडिया और ब्रेकथ्रू के सहयोग से लॉन्च किया है यह अभियान
- विक्रम मिस्री बने चीन में भारत के नए राजदूत; 1989 बैच के IFS अधिकारी विक्रम मिस्री ने लिया गौतम बम्बावाले का स्थान, जो पिछले साल नवंबर में रिटायर हो चुके हैं; इससे पहले वह म्यांमार में भारत के राजदूत रह चुके हैं तथा प्रधानमंत्री कार्यालय के साथ-साथ विदेश मंत्रालय में भी अलग-अलग पदों पर काम कर चुके हैं; उन्होंने यूरोप, अफ्रीका, एशिया और उत्तर अमेरिका में भी भारत के कई दूतावासों में सेवाएँ दी
- कांग्रेस ने अप्सरा रेड्डी को महिला कांग्रेस का राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त किया; राष्ट्रीय राजनीति में यह किसी भी राजनीतिक दल द्वारा किसी महत्त्वपूर्ण पद पर की गई पहली ट्रांसजेंडर नियुक्ति है; आंध्र प्रदेश के नेल्लोर ज़िले की अप्सरा रेड्डी ने ट्रांसजेंडर्स के अधिकारों के लिये काम किया और पत्रकारिता भी की; वह AIADMK की प्रवक्ता भी रहीं, लेकिन तमिलनाडु की मुख्यमंत्री जयललिता की मृत्यु के बाद उन्होंने पार्टी छोड़ दी थी
- भारतीय मूल की अमेरिकी नागरिक गीता गोपीनाथ ने संभाला अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के मुख्य अर्थशास्त्री का पद; मैसूरू में जन्मी गीता गोपीनाथ इस पद पर पहुँचने वाली पहली महिला हैं; अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के डायरेक्टर पद पर रहे मॉरिस ऑब्स्टफेल्ड ने रिटायरमेंट से पहले ही 1 अक्तूबर 2018 को गीता गोपीनाथ की इस पद पर नियुक्ति की घोषणा कर दी थी; वह अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की 11वीं मुख्य अर्थशास्त्री बनी हैं
- अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा द्वारा हमारे सौरमंडल के बाहर ग्रहों की खोज के अभियान के तहत एक नए ग्रह का पता चला; पृथ्वी से 53 प्रकाश वर्ष दूर रेटीकुलम तारामंडल के सूर्य के समान चमकीले बौने ग्रह तारे का 36 दिन में एक चक्कर लगा रहा है यह ग्रह; HD21749B नाम का यह ग्रह पृथ्वी से तीन गुना बड़ा और 23 गुना भारी है